हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

12 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था



13 पहले चरण में जमकर बरसे वोट, 1 लाख 94 हजार मतदाताओं ने ...





टेबुलेशन के बाद स्थिति होगी स्पष्ट आज जनपद और ग्राम पंचायत के रिजल्ट होंगे घोषित

# जनपद में बदलेगी सत्ता, जिला पंचायत में भाजपा को बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जनपद पंचायत में सत्ता उलट गई है। इस चुनाव में भाजपा 18 सीट लेकर बहुमत में है। हालांकि अभी टेबुलेशन और प्रत्याशियों की जीत की अधिकृत घोषणा नहीं हुई है। वहीं जिला पंचायत में भाजपा का परचम लहराया है। धमतरी ब्लाक में जिला पंचायत की पांच सीट है, जिसमें से चार सीट पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस को जीत मिली है।

सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान के तुरंत बाद वोटों की गिनती हुई। टेबुलेशन और परिणाम की अधिकृत घोषणा बुधवार को होगी लेकिन घोषणा से पहले ही परिणाम सामने आ चुका है। जनपद पंचायत धमतरी में कुल 25 सीट हैं, जिसमें 18 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिली है। वहीं 7 सीटों पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीते हैं। टेबुलेशन के बाद स्थिति एकदम स्पष्ट हो जाएगी। चुनाव के इन नतीजों से स्पष्ट है कि जनपद पंचायत में अब कांग्रेस की जगह भाजपा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होगा। वह भी बिना जोड़-तोड़ के। जानकारी के अनुसार भाजपा से देहुति कुर्रा, फागेश्वरी डोमा, नम्रता दिली छाती, केशव साहू सिवनीखुर्द, दिनेश्वरी साहू कंडेल, दिलीप सेन बोड़रा, अग्रवाल साहू अर्जुनी, उमेश साहू मुजगहन, सत्यप्रभा साहू शंकरदाह, गीतेश्वरी साहू खरेंगा, अंगीरा ध्रुव अरौद, कैलाश देवांगन अछोटा, ज्ञानेश्वरी कोर्राम भटगांव, अनीता यादव रूद्री, पार्वती साहू सोरम, उर्वशी साहू मोंगरागहन ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस से भारती चंद्रहास साहू कुरमातराई, प्रकाश पवार लोहरसी, योगेश मारकंडे देमार, ब्रजेश जगताप लिमतरा, हरिनारायण दोनर, खिलेंद्र ध्रुव बरारी, जयंत नेताम अकलाडोंगरी से चुनाव जीते हैं।



## रिकाउंटिंग के लिए 11 आवेदन

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मंगलवार दोपहर तक यहां 11 प्रत्याशियों ने पुनर्गणना के लिए आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के लिए जागेश्वरी साहू, जनपद प्रत्याशी रूपाली ध्रुव, अरौद डुबान सरपंच प्रत्याशी रूक्मणि नाग, जनपद सदस्य प्रत्याशी तरूण साहू, कृष्णा साहू, पंच प्रत्याशी मनोज ध्रुव, इकेश्वरी ध्रुव, सुमीत साहू ने पुनर्गणना के लिए आवेदन दिया है।

## जिला पंचायत में भी भाजपा आगे

जिला पंचायत के लिए हुए मतदान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिला पंचायत में भी भाजपा आगे रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत में कुल 13 सीट हैं जिसमें से 6 सीट के लिए मतदान हुआ। मतगणना के बाद मिली जानकारी के अनुसार 6 सीट में से 5 में भाजपा को जीत मिली है। इनमें से एक प्रत्याशी टीकाराम कंवर हैं, जो मुख्यमंत्री के समधी हैं। उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 9 से जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 10 में अनीता ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 5 में धनेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 7 में मोनिका देवांगन, क्षेत्र क्रमांक 8 में मीना साहू को जीत मिली है। क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस प्रत्याशी कविता योगेश बाबर जीतकर आई हैं।

# निगम सभापति बनने की दौड़ में कई पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ भाजपा भारी बहुमत में निर्दलियों की पूछपरख नहीं

नगर निगम धमतरी में एक तिहाई बहुमत से भाजपा गदगद है। नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षद शपथ ग्रहण करने को आतुर हैं। इसी के साथ निगम का सभापति कौन बनेगा। शहर में यह चर्चा का विषय है। भाजपा में 9 पार्षद ऐसे हैं जिन्होंने दूसरी बार पार्षद का ताज पहना है वहीं भाजपा समर्थित एक निर्दलीय पार्षद हैं जिन्होंने तीन बार पार्षद का चुनाव जीता है। मगर इस बार पार्टी निर्दलीय को कोई भाव नहीं दे रही है।



चालीस वार्ड वाले धमतरी निगम में भाजपा के 27 पार्षद चुनकर आये हैं। निगम में भाजपा की रिकार्ड जीत से सभापति चुनाव के लिए जोड़-तोड़ की कोई आवश्यकता नहीं है। जगदीश रामू रोहरा के महापौर बनने से सभापति कौन बनेगा, इसके लिए पार्टी में मंथन शुरू हो गया है। बीते कार्यकाल में विपक्ष के नेता नरेन्द्र रोहरा सहित दूसरी बार पार्षद बनने वाले श्यामलाल नेताम, तल्लीनपुरी गोस्वामी, विजय मोटवानी, हेमंत बंजारे, नीलेश लुनिया, मेघराज ठाकुर, ईश्वर सोनकर, राकेश चंदवानी, नम्रतामाला पवार तथा भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद प्रकाश सिन्हा भी इस रेस में शामिल हैं। नम्रता माला पवार पूर्व में कांग्रेस पार्टी से पार्षद थीं। बाद में उन्होंने पार्टी बदल ली। अनुभवी पार्षद व अधिवक्ता तल्लीनपुरी गोस्वामी, मेघराज ठाकुर, श्यामलाल नेताम, नीलेश लुनिया, ईश्वर सोनकर में से किसी एक को सभापति बनाने में सहमति बन सकती है। तीन बार पार्षद चुनकर आये भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद प्रकाश सिन्हा भी इस रेस में शामिल हैं लेकिन निर्दलीय होने और भाजपा को भारी बहुमत मिलने से वे इस रेस में पीछे हैं। फिलहाल सभापति बनने की तैयारी में जुटे पार्षद दिग्गज नेताओं और मंत्रियों से संपर्क साध रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस का कहना है कि शपथ ग्रहण के बाद पार्टी आपसी सहमति से सभापति का चुनाव करेगी।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 फरवरी 2025
पता :- फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 7697212782, 6263775269

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, केमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली।
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025, 11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते हैं।
2. एक बार में फ़ोन उठाते हैं, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते हैं।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफ़ाई करते हैं।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते हैं।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते हैं।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

सुमीत बाजार
धमतरी में आज का स्पेशल ऑफर
विश्व स्तरीय प्रीमियम ब्रांड्स के ऑफिस वियर 100% कॉटन
कार्पोरेट वियर एवं अधिवक्ताओं के लिये स्पेशल ऑफर
MRP. ₹2199 & above वाली
व्हाईट शर्ट
₹ 426 में
बाजार मूल्य ₹199 प्रति जोड़ी वाली वेल्वेट
रजाई खोल
₹ 50 प्रति पीस में
ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस
बाजार मूल्य ₹99 प्रति पीस वाला
एक्सपोर्ट क्वालिटी लोड कव्हर
2पीस ₹ 25 में
ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 सेट
बाजार मूल्य ₹35 से ₹50 प्रति पीस वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी जेकार्ड डायनिंग
टेबल मैट
₹ 5 में
प्रति व्यक्ति अधिकतम 6 पीस...
*condition apply
अमलतासपुरम के पास, रूद्री रोड, धमतरी

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर
हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं
दिनांक: 19 फ़रवरी से 22 फ़रवरी
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी
Google Rating PHILIPS
9659 455 455
अंबिकापुर - मनोज हायप्रोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)
भिलाई - शॉप नंबर- 107-108, इंदीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)
बिलासपुर - शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)
बैरन बाजार (रायपुर) - विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)
धमतरी - डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)
जगदलपुर - विनायका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)
कोरबा - मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)
कचहरी चौक (रायपुर) - शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
शंकर नगर (रायपुर) - प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)
छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप



### छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रवक्ता ने किया मतदान

**मगरलोड।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अन्तर्गत ग्रामीण सरकार बनाने के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के लिए मगरलोड ब्लॉक में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लॉक प्रवक्ता एवं छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष डेवेश साहू ने सपत्नीक श्रीमती योगमाया साहू के साथ 17 फरवरी को अपने ग्राम लुगे के प्राथमिक शाला भवन में पहुंचकर मतदान किया।

### प्रायोगिक परीक्षा 20 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत बीकॉम तृतीय वर्ष कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय विजुअल बेसिक एण्ड प्रोजेक्ट की प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय के आईटी विभाग में होगी। छात्र-छात्राओं को अपनी प्रायोगिक फाइल के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है। अनुपस्थिति की दशा में छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 24 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी भाग 2 एवं 3 विषय भौतिकी की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 24 फरवरी को सुबह 8 बजे होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि व प्रायोगिक सामग्री के साथ समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होना होगा। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी परीक्षा फार्म की हार्ड कापी एवं रसीद लेकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

## निधन

### भाऊराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम परसवानी निवासी भाऊराम साहू 93 वर्ष का निधन 6 फरवरी को गृहग्राम में हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे लालजी साहू, छबिराम साहू, कुशल साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

ग्राम सांकरा में शक्ति संवर्धन व जागरण अभियान कार्यक्रम आयोजित

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान सांकरा में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024-25 के तहत शक्ति संवर्धन व जागरण अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 16 से 19 फरवरी तक किया गया है।

प्रथम दिवस मंगल कलश यात्रा विभिन्न झांकियों के साथ निकाली गई। शाम को शांतिकुंज के प्रज्ञा पुत्रों का प्रवचन हुआ। द्वितीय दिवस प्रातः योग ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, देव पूजन 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संगठनात्मक संकल्प, नारी सम्मेलन पर श्रीमती गायत्री बोदेले का उद्बोधन हुआ। तृतीय दिवस प्रातः ध्यान साधना प्रज्ञा योग, गायत्री



महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार जिला गरियाबंद से आए प्रज्ञा पुत्रों एवं बहनों द्वारा किया गया। गरियाबंद के प्रज्ञा पुत्र टीकम साहू ने आज युवा पीढ़ी अपने को दूसरों से अलग कैसे रखें, अपने व्यक्तित्व को शानदार कैसे बनाएं, इस विषय पर अपने विचार रखे। माता भगवती भोजनालय की जिम्मेदारी कोंडागांव के वरिष्ठ कार्यकर्ता महाप्राण बाबूजी के मार्गदर्शन में 40 कार्यकर्ताओं ने संभाली। आचार्य द्वारा चलाए जा रहे सप्त क्रांति आंदोलन की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन पोषण लाल पटेल ने किया।

योगाचार्यों द्वारा प्रातः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग हुआ। उसके बाद 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार किए गए। पुंसवन संस्कार 13. विद्यारंभ संस्कार 207,



दीक्षा संस्कार 37, यज्ञोपवित संस्कार 5. नामकरण संस्कार 1 और 3 अन्नप्राशन संस्कार किए गए। शाम 4 बजे पावन प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से आज के समय में परिवार कैसा हो, इस पर शांतिकुंज प्रतिनिधि टोलीनायक गणेश चांदवंशी ने उद्बोधन दिया। रात्रि में दीप महायज्ञ में 4000 श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति दी। चतुर्थ दिवस पर आज प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना, प्रज्ञा योग एवं प्राणायाम, प्रातः 8 बजे युगतीर्थ शांतिकुंज प्रतिनिधि द्वारा ऋषि प्रणीत महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार जैसे मुंडन संस्कार, दीक्षा, गर्भ, गुरु दीक्षा, विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराये जायेंगे। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति, टोली विदाई, महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# जिपं की 6 में से 5 सीट पर भाजपा का कब्जा

- धमतरी जनपद में 18 और मगरलोड में 15 सीट पर भाजपा की जीत
- कार्यकर्ताओं की मेहनत से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 में से 5 सीट पर जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखा है। धमतरी जनपद पंचायत की 25 में से 18 और मगरलोड जनपद पंचायत की 23 में से 15 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने इसे कार्यकर्ताओं और जनता की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार धमतरी जिला पंचायत, जनपद पंचायत धमतरी और जनपद पंचायत मगरलोड में पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है। यह जीत भाजपा के सभी कर्मठ, जुझारू और जोशीले कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और समर्पण का परिणाम है।कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। पार्टी की विचारधारा, मोदी की गारंटी और राज्य की विष्णुदेव सरकार की विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाया, जिसका नतीजा ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया है।



प्रकाश बैस ने क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि शेष बची हुई जिला पंचायत सीटों पर भी भाजपा के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। साथ ही कुरूद और नगरी जनपद पंचायत में भी भाजपा की सरकार बनने की संभावना जताई।उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेगी और विकास कार्यों को प्राथमिकता देगी।

# ग्रामीण विकास और किसान कल्याण को देंगे प्राथमिकता

- जिपं क्षेत्र क्र. 12 के प्रत्याशी अरुण को मिल रहा अपार जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में इस बार चुनावी मुकाबला रोचक होता जा रहा है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे उन्नत किसान अरुण को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। खेती-किसानी और ग्रामीण विकास में अपने योगदान के चलते वे पहले ही क्षेत्र के लोगों के बीच लोकप्रिय रहे हैं और अब जनसेवा के नए संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतरकर जनता का दिल जीत रहे हैं।

अरुण खुद एक किसान हैं और वर्षों से खेती-किसानी में नवाचार लाकर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बने हैं। उनकी मेहनत और सरल स्वभाव ने उन्हें जनता से गहराई से जोड़ दिया है। अब जब वे पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, तो ग्रामीण





उन्हें अपना सच्चा प्रतिनिधि मानकर खुलकर समर्थन दे रहे हैं। अरुण का कहना है कि वे खेती-किसानी, सिंचाई, स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वे किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने, पानी की समस्या का समाधान करने और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान अरुण का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कई जगहों पर बुजुर्गों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया, तो युवाओं ने उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। महिलाओं ने कहा कि वे ऐसे नेता को चुनना चाहती हैं जो वास्तव में जनता के बीच रहकर काम करे। अरुण ने आगे कहा कि मैं भी किसान हूं। किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को अच्छी तरह जानता हूं। मेरा सपना है कि हमारे गांव आत्मनिर्भर बनें, किसानों को उनकी फसलों का सही दाम मिले और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए है। मैं हमेशा आपकी सेवा के लिए तैयार रहूंगा।

# नपं भखारा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति ने पार्षदों के साथ किया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने वार्ड क्रं. 10,11,12,13,14 के पार्षदों के साथ नगर भ्रमण किया। उन्होंने जनता की समस्याओं को जाना तथा उनका समाधान करने की बात कही। सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश देकर व्यापक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बजट योग्य प्राक्कलन को भी तीव्रता से पूर्ण कराने के सुझाव दिए।

उल्लेखनीय है कि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने खेल कल्याण एवं पीडब्लूडी को बैडमिंटन कोर्ट, सिंथेटिक कोर्ट हेतु प्रक्कलन बनाने निर्देशित किया था जो आगामी बजट में शामिल होगा। इससे खेलप्रेमियों एवं



स्थानीय निवासियों सहित अंचल को बड़ी सुविधा मिलेगी। ज्योति जैन ने कहा कि भखारा भठेली में पेयजल व्यवस्था, कुओं का रख-रखाव, गार्डन, मुक्तिधाम, तालाबों का सौंदर्यीकरण, शौचालय का जीर्णोद्धार, छोटी नाली को जोड़ना, प्रतिदिन सफाई की सुदृढ़ व्यवस्था तथा गलियों में लाइट की संपूर्ण व्यवस्था करना मेरी प्राथमिकता होगी।

इस अवसर पर वार्डवासी, पार्षदगण दुमेन्द्र गंगबेर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, चक्र सुदर्शन, ईश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# अरौद में भाजपा सरपंच ने जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 17 फरवरी को मतदान हुआ। सुबह 7 से शाम 7 बजे तक मतदान करने मतदाताओं की भीड़ रही। ग्राम पंचायत अरौद में सरपंच पद के लिए भाजपा से पेखन साहू, कांग्रेस से हीराराम साहू तथा निर्दलीय फलेश साहू चुनाव मैदान में डटे रहे। मतदान के दिन देर रात्रि मतगणना हुई। भाजपा से पेखन साहू को 344 मत, कांग्रेस से हीराराम साहू को 290 तथा बागी फलेश साहू को 288



मत प्राप्त हुए। इस प्रकार भाजपा से पेखन साहू 36 मत से विजयी हुए। गांव में जश्न का माहौल रहा। 10 वार्डों से 7 में भाजपा समर्थित पंच तथा 3 वार्ड में कांग्रेस पंच विजयी रहे।

# अनुपस्थित 13 शिक्षकों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

- अपर कलेक्टर ने डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले में संचालित सभी स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और पढ़ाई-लिखाई के स्तर सहित अन्य व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए जिले के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अपर कलेक्टर रीता यादव ने मंगलवार को डॉ.शोभाराम देवांगन शाउमावि धमतरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। वे सुबह 10 बजे स्कूल परिसर में पहुंची और स्कूल में कार्यरत शिक्षकों तथा उनकी उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान 13 शिक्षक-कार्यालयीन स्टाफ निर्धारित समय पर स्कूल में उपस्थित नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य पूनम पाण्डेय, व्याख्याता मनोज साहू, प्रदीप शर्मा, तृप्ति जाचक, कमलेश साहू, व्याख्याता एलबी रंजना साहू, भारती ठाकुर, ज्योति सोनकर, सहायक शिक्षक श्रीमती खोमेश्वरी, नेहा वर्मा, सहायक ग्रेड 2 आनंद ठाकुर, सहायक ग्रेड 3 सरोज गुरूपंचायन और प्रधानपाठक सुभद्रा कश्यप अनुपस्थित मिले।

कलेक्टर के निर्देश पर अनुपस्थिति सभी शिक्षकों और स्टॉफ कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की शासकीय कार्य अवधि सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। शिक्षकों को स्कूलों में निर्धारित पाली अनुसार समय पर पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल में निर्धारित समयों पर शिक्षकों और अन्य कार्यालय स्टॉफ की अनुपस्थिति से विद्यार्थियों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव तो पड़ा ही, साथ ही शिक्षा संबंधी अन्य कार्यों के संचालन में भी विलंब हुआ है। इस आधार पर अनुपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हिंदू संगठन ने किया बंदर का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम बिरगुड़ी के हिंदू संगठन ने एक मृत बंदर का अंतिम संस्कार किया। बिरगुड़ी के बस स्टैंड के पास लगे आम पेड़ से बंदर गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। इसकी खबर कुलेश ने बिरगुड़ी के हिंदू संगठन को दी। खबर सुनते ही हिंदू संगठन पहुंचा और उस मृत बंदर का अंतिम संस्कार किया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष करण सेन, रामकुमार सरोज, कुलेश यादव, विजय साहू, अखिलेश साहू, खिलेंद्र सेन, जीवन साहू, सतीश नेताम, नीलकमल साहू, भोजराज मौजूद रहे।

### कुरूद जनपद में दूसरे चरण का मतदान 20 को

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत कुरूद में 20 जनवरी को होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्यों के मतदान के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार धमतरी सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार विवेक चन्द्राकर और जितेन्द्र डहरे को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। यह आदेश मतदान दिवस तक प्रभावशील रहेगा।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन राखेचा भवन
94063-16777
73890-66777
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है



चुनावी उम्मीदवारों के लिये ऑफर ही ऑफर
कुरुद, नगरी, मगरलोड, आमदी एवं अन्य स्थानों के लिये ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध

11000/- 3X2 के 50 बोर्ड लकड़ी 3X2 के 100 बैनर फ्री 05 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
19000/- 4X2.5 के 60 बोर्ड लकड़ी 4X2.5 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
21000/- 5X3 के 50 बोर्ड लकड़ी 5X3 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट
31000/- 6X3 के 75 बोर्ड लकड़ी 5X3 के 100 बैनर फ्री 10 नग प्रिंट कस्टमाईज टी-शर्ट

| ITEM | SIZE | RATE | QTY |
|---|---|---|---|
| फ्लैक्स बोर्ड | 4X2.5 | 150 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X5 | 220 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X6 | 270 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X8 | 500 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड | 3X10,3x9 | 650 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 12X8 | 2000 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 10X10 | 2200 | प्रति नग |
| फ्लैक्स बोर्ड पाईप फ्रेम में | 8X6 | 1200 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 6 FEET | 900 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 8 FEET | 1500 | प्रति नग |
| कटआउट शेप कटिंग में स्टैण्ड के साथ | 12 FEET | 2400 | प्रति नग |
| रैली तख्ती | 3 FEET | 200 | प्रति नग |
| बैनर | 5X3 | 115 | प्रति नग |
| बैनर | 6X3 | 130 | प्रति नग |
| बैनर | 8X5 | 300 | प्रति नग |
| बैनर | 10X10 | 700 | प्रति नग |
| बैनर | 20X10 | 1400 | प्रति नग |

राजनीतिक कटआउट 3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
हीरा आर्ट्स
सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी
डिजाईन कर कॉल करें 93011-01400

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सुखराम नागे महाविद्यालय में वनस्पतिशास्त्र विभाग के छात्रों ने किया आयोजन

# एलुमनी मीट में भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. आरआर मेहरा एवं प्रो. कौशल नायक तथा प्रो. लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में वनस्पतिशास्त्र विभाग के भूतपूर्व छात्र सम्मेलन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र किरण कश्यप, भावना साहू, आरती, पल्लवी, सोनल, रेशमा साहू, नेहा राजन सहित वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि



यह छात्र सम्मेलन तीन सत्र के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का संगम है जिसमें भूतपूर्व छात्रों द्वारा साझा किये गये अनुभव तथा सुझावों से वर्तमान छात्र प्रेरणा लेकर और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रो. कौशल नायक ने बताया कि एलुमनी मीट न केवल पुराने सहपाठियों से मिलने का अवसर देता है बल्कि जिस संस्था से आपने अध्ययन किया है । उसके प्रति आपके जिम्मेदारी को भी निर्धारित करता है। भूतपूर्व छात्रओं ने पुराने दिनों को याद करते हुए जूनियर छात्रों को अपनी गलतियों से सीख लेने, सेमीनार एवं प्रोजेक्ट में मिले विषयों का गहन अध्ययन करने एवं अच्छे संदर्भ पुस्तकों का उपयोग करने की सलाह दी। प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने छात्रों को अच्छे पदों पर चयनित होने का आशीर्वादद दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ वनस्पति शास्त्र विभाग के भूतपूर्व विद्यार्थियों की मेरिट सूची एवं अच्छे पदों पर चयनित छात्र-छात्राओं के सूची बोर्ड का अनावरण किया गया।


# अंचल की खबरें

## महापौर ने अधिकारियों के साथ नगर भ्रमण कर समस्याएं जानीं



**धमतरी।** नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं पीसी सार्वा के साथ नगर के विभिन्न इलाकों का पैदल भ्रमण किया। जनता की समस्याओं को नजदीक से देखा। श्री रोहरा ने जनता को आश्वस्त किया कि वे समस्याओं का निदान अतिशीघ्र करेंगे। श्री रोहरा ने सबसे पहले पीडी नाला की अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए। गुजराती कालोनी के पीछे बाईपास सड़क के लिए सर्वे कर कार्य योजना बनाने कहा। इसके बाद बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। बस स्टैंड के पीछे एप्रोच रोड से नहर सड़क तक मार्ग बनाने सर्वे करने कहा। श्री रोहरा ने कहा कि सड़क, पानी, बिजली, सफाई, नाली निर्माण की दिशा में प्राथमिकता के साथ करेंगे। बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर आम जनता को सुविधाएं देने वह वचनबद्ध हैं। यातायात दबाव को दूर करने में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे।

## शावक तेंदुआ की गंगरेल बांध में डूबने से मौत



■ वन विभाग ने श्यामतराई स्थित डिपो में किया अंतिम संस्कार

**धमतरी।** गंगरेल बांध में तेंदुआ शावक की डूबने से मौत हो गई। वन विभाग ने मृत शावक का पोस्टमार्टम करने के बाद श्यामतराई स्थित डिपो में अंतिम संस्कार किया। धमतरी रेंजर संदीप सोम ने बताया कि मंगलवार दोपहर को सूचना मिली कि गंगरेल बांध के बीच में कोई जानवर मृत अवस्था में है। बांध में संचालित बोटिंग कंपनी वाले ने जाकर देखा तो वह तेंदुआ था। वाटर स्पोर्ट्स और वन प्रबंधन समिति के सहयोग से जाली लगाकर तेंदुआ को बाहर निकाला गया। श्री सोम ने बताया कि मृत तेंदुआ मादा है। इसकी उम्र डेढ़ से दो साल है। तेंदुए की डूबने से मौत हुई है। संभव है कि वह पक्षी या अन्य जीव के शिकार में बांध में कूद गया होगा। गहरे पानी में जाने के कारण शावक की डूबने से मौत हो गई होगी। शावक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



■ शादी कार्यक्रम में बाजा बजाने सनौद गया था

**धमतरी।** शादी कार्यक्रम में बाजा बजाने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई । अस्पताल पुलिस के अनुसार फलेश्वर कुमार यादव पिता शिवकुमार उम्र 18 वर्ष ग्राम घोघोपुरी थाना गुरूर मवेशी चराने का काम करता था। इसके साथ ही शादी-ब्याह कार्यक्रम में बाजा बजाने भी जाता था। युवक रविवार को ग्राम पेंवरो के लोगों के साथ ग्राम सनौद में आयोजित शादी कार्यक्रम में बाजा बजाने गया था। सोमवार की शाम शादी स्थल में लगे टेंट के लोहे के पाइप में करंट प्रवाहित हो गया। इसकी चपेट में युवक आ गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए पलारी अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने पर युवक को जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

## ईंट फैक्ट्री से मोटर पंप सहित अन्य सामानों की चोरी




भानपुरी की घटना

**धमतरी।** बंद पड़ी ईंट फैक्ट्री में रखे मोटर पंप सहित अन्य सामानों की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी निखिल साहू पिता अनुराग उम्र 26 वर्ष सीमेंट ईंट बनाने का काम करता है। उसकी ईंट की फैक्ट्री भानपुरी-आमदी मार्ग पर है। फैक्ट्री कुछ दिनों से बंद है। यहां कमरे में 2 नग पुराना हाइड्रोलिक पम्प, 2 नग मोटर पंप, पाना, पेंचिस व केबल वायर रखा हुआ था। किसी अज्ञात चोर ने बंद पड़ी फैक्ट्री के कमरे के दरवाजा का ताला तोड़ भीतर रखे सामानों को चोरी कर ली। चोरी गए सामानों की कीमत लगभग 23 हजार 500 रूपये हैं। निखिल बीते दिनों जब फैक्ट्री गया तो उसने कमरे का ताला टूटा हुआ पाया। भीतर रखे सामान गायब थे। पीड़ित ने अर्जुनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305-ए, 331-4 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

## आनंद की सटीक रणनीति से जिपं सहित तीन जनपद सदस्यों ने की जीत दर्ज



**धमतरी।** कांग्रेस पार्टी ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए युवा नेता आनंद पवार को प्रभारी बनाया गया था। श्री पवार ने अपने प्रभार क्षेत्र में सतत संपर्क साधते हुए और अपने अनुभव तथा सटीक रणनीति और प्रबंधन के बलबूते कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी कविता योगेश बाबर सहित तीन जनपद सदस्य खरतुली लोहरसी से प्रकाश पवार, तरसींवा से भारती चंद्रहास साहू और लिमतरा से ब्रजेश जगताप को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाई। अपने गृह ग्राम खरतुली के सरपंच प्रत्याशी उमेश नेताम को रिकॉर्ड 474 वोटों से चुनाव जिताया।

## साड़ी और शराब बांटने वालों को नहीं करेंगे वोट

■ चिटौद क्षेत्र के युवाओं की अच्छी पहल, गांव के बड़े बुजुर्ग भी कर रहे सराहना

**पुरूर।** गांवों में इन दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रचार-प्रसार काफी जोर-शोर से चल रहा है। इस बीच चिटौद क्षेत्र के युवाओं की अनूठी पहल भी रंग ला रही है। गांवों में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं । यदि कोई प्रत्याशी घर पहुंच कर साड़ी या शराब देकर वोट की मांग करता है तो उन्हें वोट न करने की अपील कर रहे हैं। इन युवाओं को बड़े-बुजुर्गों की भी सराहना मिल रही है। क्षेत्र में 23 फरवरी को मतदान होना है। चुनावी मैदान में विजयी होने सभी प्रत्याशी जोर–आजमाइश कर अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए हैं। इसी बीच क्षेत्र के युवाओं ने एक अभियान छेड़ दिया है और वे घर-घर जाकर मतदाताओं से अपील कर रहे हैं कि साड़ी और शराब देने वाले प्रत्याशी को कतई वोट न करें। ऐसे प्रत्याशी चुनाव जीतकर आने के बाद गांव के विकास में बाधक होते हैं और उन्हें सिर्फ अपने स्वार्थ से मतलब होता है। क्षेत्र के युवा संतोश कुमार, हिमांशु, राहुल निशाद, पिंटू कुमार का कहना है कि वे लोगों को इस बात से अवगत करा रहे हैं साथ ही महिलाओं को भी समझा रहे हैं कि साड़ी लेकर कतई अपना ईमान न बेचे।

### धमतरी में 76.98 प्रतिशत वहीं मगरलोड में 87 प्रतिशत मतदान हुआ

# पहले चरण में जमकर बरसे वोट

## 1 लाख 94 हजार मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जमकर मतदान हुआ है। धमतरी में 76.98 प्रतिशत वहीं मगरलोड में इससे ज्यादा 87 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोनों विकासखंड में मतदान करने में महिलाएं पुरूषों से आगे रहीं। उधर सभी मतदान दल मतदान और मतगणना के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। आज कुरूद क्षेत्र में मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में मगरलोड और धमतरी ब्लाक में मतदान हुआ। कई बड़ी ग्राम पंचायतों में तो रात 12 बजे तक मतदान का सिलसिला चलता रहा। देमार ग्राम पंचायत में 1 बजे के बाद काउंटिंग शुरू हुई। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जनपद में 1 लाख 45 हजार 648 मतदाता हैं। इसमें से 1 लाख 13 हजार 657 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें महिला मतदाता 58 हजार 525 और पुरूष मतदाता 5 हजार 139 ने मतदान किया। धमतरी जनपद में कुल 76.98 प्रतिशत मतदान हुआ। मगरलोड जनपद में धमतरी से ज्यादा उत्साह रहा। जहां पर 91 हजार 462 मतदाता हैं। इसमें से 79 हजार 553 मतदाताओं ने वोट डाले। इसमें महिला मतदाता 40 हजार 357 और पुरूष मतदाता39 हजार 178 शामिल हैं। इन आंकड़ों में थोड़ा बहुत परिवर्तन संभव है।

### कर्मचारियों की हालत खराब

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के शेड्यूल ने कर्मचारियों की हालत खराब कर दी है। सोमवार को मतदान और मतगणना के बाद रात में पोलिंग पार्टियों के लौटने का सिलसिला शुरू हुआ। रात साढ़े आठ बजे सबसे पहले धमतरी में मड़वापथरा की पोलिंग पार्टी लौट आई। मगरलोड में भी इसी टाइम में पहली पोलिंग पार्टी लौटी। इसके बाद रातभर एक के बाद एक पोलिंग पार्टियां लौटती रही। सुबह 7.30 अंतिम पोलिंग पार्टी लौटी, तब जाकर मतदान कार्य में लगे कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद कुछ देर बाद ही मतदान के अन्य कार्य शुरू हो गए। ऐसे में कर्मचारियों को सोने का मौका ही नहीं मिला है। वहीं आज मतदान के दूसरे चरण में कुरूद के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। उधर धमतरी में हुए मतदान का टेबुलेशन होगा। यही नहीं दूसरे चरण के टेबुलेशन के साथ तीसरे चरण के मतदान की तैयारी होगी।

## मुख्यमंत्री के समधी चुनाव जीते, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपना इस्तीफा दें : महेंद्र

■ जिपं क्षेत्र क्रमांक–9 से टीकाराम चुनाव लड़े, चुनाव प्रभारी पंडित की कुशल रणनीति से मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समधी टीकाराम कंवर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत गए हैं। वे भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में जिपं क्षेत्र क्रमांक-9 से चुनाव लड़े थे। इस क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं। ज्ञात हो कि नामांकन फार्म भरने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा था कि यदि इस सीट से भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीत लेंगे तो वे अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। इस बयान से पूरे छग की राजनीति गर्म हो गई। इसका वीडियो भी खूब वायरल हुआ। चुनाव परिणाम भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में आया। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा के चुनाव प्रभारी व झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र पंडित ने अपने बयान में कहा कि नैतिकता के आधार पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष को इस्तीफा दे देना चाहिए। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस की हार हुई है।

विदित हो कि महेन्द्र पंडित को प्रदेश संगठन ने जिपं क्षेत्र क्रमांक 9 का चुनाव प्रभारी बनाया था। इस सीट से मुख्यमंत्री के समधी चुनाव लड़ रहे थे इसलिए भाजपा के लिए यह प्रतिष्ठा का सवाल था। श्री पंडित ने इसे चैलेंज के रूप में स्वीकार करते हुए अपने अधिकृत प्रत्याशी टीकाराम कंवर को विजयी श्री बनाया। इस बात की चर्चा पूरे प्रदेश में है। श्री पंडित के बेहतर चुनाव प्रबंधन व कुशल रणनीति से नगरी नगर पंचायत के भाजपा प्रत्याशी बलजीत छाबड़ा भी भारी मतों से चुनाव जीते हैं।

## सीएम से मिले नवनिर्वाचित महापौर, पार्षदगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी : साय



नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा व सभी निर्वाचित 27 पार्षदों के दल ने सोमवार को रायपुर राजधानी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसके बाद निर्वाचित नेताओं का दल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व संगठन महामंत्री पवन साय से भी मिला। सभी वरिष्ठ नेताओं ने निर्वाचित महापौर और पार्षदों का अभिनंदन करते हुए जनता के बीच जाकर काम करने कहा। शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प दिलवाया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अब धमतरी के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। धमतरी विकास के पथ पर अग्रसर होगा। महापौर और पार्षदों ने कहा कि वे जनता के बीच विकास के विजन के साथ जाएंगे। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

श्री रोहरा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि धमतरी का विकास पिछले 5 साल में पिछड़ गया था। प्रदेश और निगम में कांग्रेस की सत्ता रही। इसके बाद भी धमतरी 50 साल पीछे हो गया लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। विकास का पहिया तेजी से घूमेगा। जनता की उम्मीदों के अनुरूप प्राथमिकता से विकास कार्य कराएंगे। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन के बाद शपथ ग्रहण की तिथि तय होगी जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष को शामिल होने का आग्रह किया जाएगा।

विदित हो कि नगर निगम चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। 40 सीट में से 27 सीट पर भाजपा काबिज हुई है। कांग्रेस महज 8 सीट पर सिमट गई। चुनाव में कांग्रेस अंत तक महापौर के लिए प्रत्याशी खड़ा नहीं कर पाई जो पार्टी के लिए नुकसान साबित हुआ। इस जीत से भाजपाइयों में उत्साह है।

## आज छत्रप्रति शिवाजी महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मराठा मंगल भवन में होगा मुख्य कार्यक्रम

मराठा समाज धमतरी द्वारा 19 फरवरी को मराठा मंगल भवन धमतरी में छत्रप्रति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती मनाई जाएगी। मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे ने बताया कि इससे पूर्व 18 फरवरी को मंगलवार को सुबह 8 बजे भवन प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। दोपहर 12 बजे मूकबधिर दिव्यांग स्कूल रूद्री के बच्चों को फल वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष दीपक लोंढे, जीजामाता महिला मंडल अध्यक्ष नीता रणसिंह, युवा अध्यक्ष सुशांत पवार, अशोक कावड़े, महेन्द्र गायकवाड़, सतीश जाधव, वरूण घाडगे, अभिषेक जाधव, विजपंत रणसिंह, शिवांश रणसिंह, विप्लव प्रगति पवार, मीता गायकवाड़, वंदना पवार, रानी सावंत, सपना रणसिंह, सुनीता निम्बाडकर मौजूद थे। श्री लोंढे ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह 6:30 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर में अभिषेक, 8 बजे शिवाजी जन्मोत्सव (मंदिर परिसर में), 9 बजे बाइक रैली, 3 बजे शोभायात्रा, 3:30 बजे मां भवानी मंदिर में महाआरती, शाम 6 बजे अतिथि परिचय, शाम 7 बजे मुख्य समारोह, प्रतिभावान सम्मान समारोह, 9 बजे स्नेह भोज का कार्यक्रम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राहुल हिशीकर, मुख्य वक्ता श्रीमती वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय महसचिव राष्ट्रीय सुरक्षा मंच होंगे। अध्यक्षता दीपक लोंढे अध्यक्ष मराठा समाज धमतरी करेंगे।












न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म - अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम - 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर राम आ. स्व. श्री दौलत राम, जाति केंवट, निवासी ग्राम भेलवाकुदा, पो. रामपुर, थाना भखारा, तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) एवं आवेदिका रेशमा निषाद पिता श्री दशरथ निषाद, जाति केंवट, निवासी ग्राम व पो. पलारी, थाना सनौद, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 04/03/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म - अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम - 6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सुदर्शन कुमार ढीमर आ. श्री श्रवण कुमार, जाति ढीमर, निवासी ग्राम व पो. कंवर, थाना कंवर, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका पूर्णिमा पिता स्व. श्री दौलत राम, जाति केंवट, निवासी ग्राम भेलवाकुदा, पो. रामपुर, थाना भखारा, तह. भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 04/03/2025

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**







# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर्व



छत्रपति शिवाजी महाराज एक बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्यवीर और दयालु शासक थे। उनका जन्म 19 फरवरी 1627 को मराठा परिवार में महाराष्ट्र के शिवनेरी में हुआ। शिवाजी के पिता शाहजी और माता जीजाबाई थीं। माता जीजाबाई धार्मिक स्वभाव वाली होते हुए भी गुण-स्वभाव और व्यवहार में वीरंगना नारी थीं। इसी कारण उन्होंने बालक शिवा का पालन-पोषण रामायण, महाभारत तथा अन्य भारतीय वीरात्माओं की उज्ज्वल कहानियां सुना और शिक्षा देकर किया था। बचपन में शिवाजी अपनी आयु के बालक इकट्ठे कर उनके नेता बनकर युद्ध करने और किले जीतने का खेल खेला करते थे।

दादा कोणदेव के संरक्षण में उन्हें सभी तरह की सामयिक युद्ध आदि विधाओं में भी निपुण बनाया था। धर्म, संस्कृति और राजनीति की भी उचित शिक्षा दिलवाई थी। उस युग में परम संत रामदेव के संपर्क में आने से शिवाजी पूर्णतया राष्ट्रप्रेमी, कर्त्तव्यपरायण एवं कर्मठ योद्धा बन गए।













